Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 9th January, 2023

Notification from MPPSC for State Eligibility Test Examination

पीएससी : सेट 4 जून को, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 27 जनवरी से, 36 विषयों के लिए परीक्षा ऑफलाइन होगी

दो पेपर होंगे, इंदौर-भोपाल सहित 12 शहरों में होगी परीक्षा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

एमपी पीएससी ने 4 जून को होने वाली सेट (स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट) को लेकर विज्ञापन जारी कर दिया। इसके लिए अभ्यर्थी 27 जनवरी से 26 फरवरी के बीच ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वहीं 1 से 28 फरवरी के बीच बिना विलंब शुल्क के त्रुटि सुधार सकेंगे। इस बार सेट ऑफलाइन होगी। पहले पेपर में कुल 50 प्रश्न होंगे। इसे 1 घंटे में हल करना होगा। इसका प्रत्येक प्रश्न दो नंबर का होगा। दूसरा पेपर 100 प्रश्नों का होगा। इसे 2 घंटे में हल करना होगा। इसका भी प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। यह प्रश्न पत्र 200 अंकों का होगा। परीक्षा इंदौर-भोपाल सहित 12 शहरों में होगी। सेट में चयनित अभ्यर्थी जुलाई में प्रस्तावित सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। सेट में शामिल होने के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को पोस्ट ग्रेजुएशन में कम से कम 55 तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को 50 फीसदी अंक लाना अनिवार्य है।

सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा के आवेदन फरवरी में - इधर, सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 फरवरी से 14 मार्च तक होगी। हर विषयों के लिए अलग-अलग तारीखें दी गईं। राज्य शासन 30 दिसंबर को सहायक प्राध्यापक के 1669 पदों पर नियुक्तियों का विज्ञापन जारी कर चुका है। जो सेट क्लीयर करेंगे, उन्हें पात्र माना जाएगा। 1400 शासकीय कॉलेजों में ये नियुक्तियां की जाएंगी।

इन विषयों में ज्यादा पद

बॉटनी	126
कॉमर्स	124
केमेस्ट्री	160
अंग्रेजी	200
अर्थशास्त्र	104
हिंदी	116
लॉ	29
हिस्ट्री	77
गणित	124
फिजिक्स	115
जुलॉजी	115
समाजशास्त्र	80
राजनीति शास्त्र	118

Regards,

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)